| दिनांक हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज<br>F.S.S.Act Case No.05/2024 | नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए |
|---|---|---|
| 19.4.2024 | पत्रावली पेश हुई। श्री दिलीप सिंह यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिरोही अनुपस्थित। प्रतिवादी महेन्द्र रावल पुत्र श्री बालूराम रावल, खाद्य कारोबारकर्ता एवं मालिक, मैसर्स बालूराम जयशंकर, सिरोही रोड़ पिण्डवाडा, तहसील– पिण्डवाडा, जिला– सिरोही अनुपस्थित।<br><br>आवेदक श्री दिलीप सिंह यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा यह न्याय निर्णयन आवेदन प्रतिवादी के विरुद्ध श्री राजेन्द्र कुमार गहलोत, तत्कालीन खाद्य सुरक्षा अधिकारी, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिरोही द्वारा दिनांक 06.2.2023 को मैसर्स बालूराम जयशंकर, सिरोही रोड़, पिण्ड़वाडा में प्रतिवादी महेन्द्र रावल पुत्र श्री बालूराम रावल से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत वास्ते नमूना जांच कीमतन क्रय किये गये खाद्य पदार्थ भुजिया नमकीन (बिकाजी बिकानेरी ब्राण्ड) का नमूना संख्या S-1998 खाद्य विश्लेषक, जोधपुर की जांच रिपोर्ट क्रमांकःL.S./ 204/ Act/2023/249 दिनांक 16.2.2023 में मिथ्याछाप (Misbranded) पाया जाने से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 26 की उपधारा 2(ii) व धारा 52 के तहत प्रतिवादी के विरुद्ध प्रस्तुत कर प्रतिवादी पर जुर्माना आरोपित करने का अनुरोध किया गया है। प्रस्तुत न्याय निर्णयन आवेदन को दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादी को विधिवत नोटिस जारी कर तामिल करवाया गया, लेकिन नोटिस की तामिल होने के बावजूद भी प्रतिवादी महेन्द्र रावल इस न्यायालय में उपस्थित नही हुआ। अतः प्रकरण में प्रतिवादी महेन्द्र रावल के विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाकर प्रकरण का पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजी साक्ष्यों के अनुसार गुणावगुण पर विधि सम्मत निस्तारण किया जा रहा है।<br><br>पत्रावली तथा पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों का गंभीरतापूर्वक अध्ययन एवं अवलोकन किया तो यह पाया कि श्री राजेन्द्र कुमार गहलोत, तत्कालीन खाद्य सुरक्षा अधिकारी, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिरोही दिनांक 06.2.2023 को दोपहर 12.00 बजे पर मैसर्स बालूराम जयशंकर, सिरोही रोड़, पिण्ड़वाडा, तहसील पिण्ड़वाडा, जिला– सिरोही पर गये। वहां पर खाद्य कारोबारकर्ता एवं मालिक की हैसियत से महेन्द्र रावल पुत्र बालूराम रावल उपस्थित मिले। जो आम जनता को खाद्य पदार्थ भुजिया नमकीन (बिकाजी बिकानेरी ब्राण्ड) का विक्रय करता है। तत्कालीन खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार गहलोत ने निरीक्षण के दौरान आम जनता के उपयोग आने वाले खाद्य पदार्थ भुजिया नमकीन (बिकाजी बिकानेरी ब्राण्ड) के अमानक होने का शक होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत जांच हेतु नमूना लेने की इच्छा जाहिर करते हुए इसकी सूचना प्रपत्र 5ए में विक्रेता एवं खाद्य कारोबारकर्ता महेन्द्र रावल को गवाह के समक्ष भरकर दी एवं रसीद प्राप्त की तथा दुकान के अन्दर आम जन के बिक्री हेतु रखे हुए खाद्य पदार्थ भुजिया नमकीन (बिकाजी बिकानेरी ब्राण्ड) के 20 नग<br><br>......लगातार | |

अति. जिला मजिस्ट्रेट
सिरोही–307001

Signature Not Verified
Digitally signed by Dinesh Rai Sapela
Date: 2024.05.17 11:54:30 IST
Reason: SelfAttested

| दिनांक हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज<br>F.S.S.Act Case No.05/2024 | नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए |
|---|---|---|
| | बन्द पैकिंग में से भुजिया नमकीन (बिकाजी बिकानेरी ब्राण्ड) के 4 पैक्ड पैकेट (प्रत्येक 500 ग्राम) को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत नमूना जांच हेतु खरीदा एवं खाद्य पदार्थ भुजिया नमकीन (बिकाजी बिकानेरी ब्राण्ड) की कीमत राशि रुपये 450/– (रुपये चार सौ पचास मात्र) विक्रेता महेन्द्र रावल को नकद अदा कर खरीद रसीद/बिल प्राप्त किया। श्री राजेन्द्र कुमार गहलोत, तत्कालीन खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने लेबल तैयार कर लेबल पर अभिहित अधिकारी (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिरोही) के कोड एवं क्रमांक S-1998, दिनांक, स्थान, खाद्य पदार्थ भुजिया नमकीन (बिकाजी बिकानेरी ब्राण्ड) आदि अंकित कर उस पर खाद्य कारोबारकर्ता के हस्ताक्षर कराये एवं स्वयं खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार गहलोत ने हस्ताक्षर किये। तत्कालीन खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार गहलोत ने खरीदशुदा भुजिया नमकीन (बिकाजी बिकानेरी ब्राण्ड) के चारों पैक्ड पैकेटों पर एक–एक लेबल गोंद से चिपकाया तथा प्रत्येक नमूना भाग पर अभिहित अधिकारी के हस्ताक्षर युक्त पेपर स्लिप कोड एवं एवं क्रम संख्या S-1998 उपर से लेकर नीचे तक गोंद से चिपकाई। प्रत्येक नमूना भाग को धागे से बांध कर नियमानुसार सील चपडी किया गया। प्रत्येक नमूना भाग पर विक्रेता महेन्द्र रावल के हस्ताक्षर कराये व श्री राजेन्द्र कुमार गहलोत, खाद्य सुरक्षा अधिकारी स्वयं ने हस्ताक्षर किये। तत्पश्चात् चारों नमूना भागों को आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कब्जे/जाप्ते में लिया तथा मौका रिपोर्ट तैयार की, जिस पर विक्रेता, गवाह व आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर है। तत्पश्चात् आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कार्यालय में पॅहुचकर फार्म नम्बर VI की प्रतियां तैयार की व उस पर नमूनें को सील्ड करते समय काम में ली गई सील की छाप अंकित की। नमूना के चारों भागों के साथ फार्म नम्बर VI की एक–एक प्रति लगाकर चारों नमूना भागों को आउटर कवर में बंद किया व नियमानुसार सील चपडी किया तथा फार्म नम्बर VI की दो–दो प्रतियां दो लिफाफो में अलग–अलग बन्द कर गोंद से चिपकाकर लिफाफों को सील चपडी किया। श्री राजेन्द्र कुमार गहलोत, खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दिनांक 07.2.2023 को नमूनें का एक भाग व फार्म नम्बर 6 का एक सील बन्द लिफाफा श्री विश्वजीत सिंह, वार्ड बॉय, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिरोही के द्वारा खाद्य विश्लेषक, जोधपुर को जमा करवाकर रसीद प्राप्त की एवं दिनांक 06.2.2023 को शेष तीन नमूना भाग व फार्म नम्बर 6 का सील बन्द लिफाफा अभिहित अधिकारी (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिरोही) को जमा करवाकर रसीद प्राप्त की। इस प्रकार, पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजी साक्ष्यों के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि श्री राजेन्द्र कुमार गहलोत, तत्कालीन खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मैसर्स बालुराम जयशंकर, सिरोहीरोड़, पिण्डवाडा में प्रतिवादी महेन्द्र रावल से खाद्य पदार्थ भुजिया नमकीन (बिकाजी बिकानेरी ब्राण्ड) को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के<br>.......लगातार | |

न्यायालय अति० जिला मजिस्ट्रेट सिरोही (राज०)

अति. जिला कलेक्टर
सिरोही–307001.

Signature Not Verified
Digitally signed by Dinesh Rai Sapela
Date: 2024.05.17 11:54:30 IST
Reason: SelfAttested

| दिनांक हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज<br>F.S.S.Act Case No.05/2024 | नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए |
|---|---|---|

तहत वास्ते नमूना जांच क्रय करने की कार्यवाही विधिवत की गई है। प्रकरण में खाद्य विश्लेषक, जोधपुर से खाद्य पदार्थ भुजिया नमकीन (बिकाजी बिकानेरी ब्राण्ड) के नमूना संख्या S-1998 की प्राप्त जांच रिपोर्ट क्रमांक:L.S./204/Act/2023/249 दिनांक 16.2.2023 के अनुसार खाद्य पदार्थ भुजिया नमकीन (बिकाजी बिकानेरी ब्राण्ड) का नमूना मिथ्याछाप (Misbranded) पाया गया। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों के अवलोकन से यह भी स्पष्ट है कि प्रतिवादी महेन्द्र रावल ने प्रकरण की अनुसंधान के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी को खाद्य पदार्थ भुजिया नमकीन (बिकाजी बिकानेरी ब्राण्ड) के क्रय बिल प्रस्तुत नही किया है। इस प्रकार, प्रकरण में यह तथ्य स्पष्ट है कि प्रतिवादी महेन्द्र रावल ने मिथ्याछाप (Misbranded) खाद्य पदार्थ भुजिया नमकीन (बिकाजी बिकानेरी ब्राण्ड) का विक्रय करके खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 26 की उपधारा 2(ii) का उल्लंघन किया है, जो उक्त अधिनियम की धारा 52 के तहत जुर्माने योग्य अपराध है।

**आदेश**

अतः खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 68 की उपधारा (1) के तहत राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक प. 1(2)कार्मिक/क–4/08 दिनांक 05.4.2012 के द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा– 52 के तहत मिथ्याछाप (Misbranded) खाद्य पदार्थ भुजिया नमकीन (बिकाजी बिकानेरी ब्राण्ड) के विक्रय हेतु प्रतिवादी महेन्द्र रावल पुत्र श्री बालूराम रावल, खाद्य कारोबारकर्ता एवं मालिक, मैसर्स बालूराम जयशंकर, सिरोही रोड़ पिण्डवाडा, तहसील– पिण्डवाडा, जिला– सिरोही पर राशि रुपये 30,000/– (अक्षरे रुपये तीस हजार मात्र) की शास्ति (Penalty) अधिरोपित की जाती है। साथ ही, प्रतिवादी महेन्द्र रावल पुत्र श्री बालूराम रावल, खाद्य कारोबारकर्ता एवं मालिक, मैसर्स बालूराम जयशंकर, सिरोही रोड़ पिण्डवाडा, तहसील– पिण्डवाडा, जिला– सिरोही को आदेशित किया जाता है कि उन पर अधिरोपित जुर्माना राशि का राष्ट्रीयकृत बैंक से न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, सिरोही के पक्ष में अलग अलग Crossed Demand Draft जिसका भुगतान सिरोही शहर में प्राप्त किया जा सके बनवाकर न्याय निर्णय अधिकारी एवं अति० जिला मजिस्ट्रेट, सिरोही के कार्यालय में 15 दिन के भीतर जमा करवाये। निर्णय सुनाया गया। निर्णय की प्रति आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं प्रतिवादीगण को प्रेषित की जावे। मिसल वास्ते जमा होने जुर्माना राशि डी.डी. आयन्दा दिनांक 23.5.2024 को पेश हो।

(डॉ. दिनेश राय सापेला)

अति. जिला मजिस्ट्रेट
सिरोही–307001

न्यायालय अति० जिला मजिस्ट्रेट सिरोही (राज०)

Signature Not Verified

Digitally signed by Dinesh Rai Sapela
Date: 2024.05.17 11:54:30 IST
Reason: SelfAttested